


42 वीं वार्षिक रिपोर्ट 2011-2012

42ND ANNUAL REPORT 2011-2012

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED

निदेशक मंडल
(दिनांक 23.08.2012 को)
BOARD OF DIRECTORS
(As on 23.08.2012)



श्री बी.के.मिश्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Shri B. K. Mishra, Chairman cum Managing Director



श्री वी. श्रीनिवास, निदेशक
Shri V. Srinivas, Director



श्री के. रामचंद्रन पिल्लाई, निदेशक
Shri K. Ramchandran Pillai, Director



श्री सी. एस. तेवतिया, निदेशक (विपणन)
Shri C. S. Teotia, Director (Marketing)



श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, निदेशक (वित्त)
Shri Pradeep Kumar Agarwal, Director (Finance)

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

42वीं वार्षिक रिपोर्ट 2011-2012

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

42ND ANNUAL REPORT 2011-2012

निदेशक मंडल
(दिनांक 23-08-2012)

श्री बी.के.मिश्र	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
श्री वी. श्रीनिवास	निदेशक
श्री के. रामचंद्रन पिल्लाई	
श्री सी. एस. तेवतिया	
श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल	
श्री मनोज बजाज	कंपनी सचिव एवं. महा प्रबंधक (वित्त)

BOARD OF DIRECTORS
(As on 23-08-2012)

Shri B. K. Mishra	Chairman cum Managing Director
Shri V. Srinivas	Directors
Shri K. Ramchandran Pillai	
Shri C. S. Teotia	
Shri Pradeep Kumar Agarwal	
Shri Manoj Bajaj	Company Secretary cum General Manager (Fin)

लेखा परीक्षक

मेसर्स चौक्सी एंड चौक्सी
सनदी लेखापाल, मुंबई

मेसर्स प्रेम गुप्ता एण्ड कंपनी
सनदी लेखापाल, नई दिल्ली

AUDITORS

M/s. CHOKSHI & CHOKSHI
Chartered Accountants, Mumbai

M/s. Prem Gupta & Co.
Chartered Accountants, New Delhi

पंजीकृत कार्यालय

"कपास भवन"
प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर - 10, सी.बी.डी. बेलापुर,
नवी मुंबई - 400 614
वेब साईट : www.cotcorp.gov.in
www.ministryoftextiles.gov.in

REGISTERED OFFICE

"Kapas Bhavan"
Plot No. 3A, Sector 10, C.B.D. Belapur
Navi Mumbai - 400 614
Website: www.cotcorp.gov.in
www.ministryoftextiles.gov.in

अनुक्रमणिका

सूचना	02
अध्यक्ष का अभिभाषण	03
निदेशकों की रिपोर्ट	12
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	41
महा लेखा परीक्षक की टिप्पणी	51
वार्षिक लेखे	52
बैंचमार्किंग उत्कृष्टता	99
बैंको की सूची	122

CONTENT

Notice	02
Chairman Speech	03
Directors' Report	12
Auditor's Report	41
Comments of the CAG	51
Annual Accounts	52
Benchmarking Excellence	99
List of Banks	122

सार्वजनिक उपक्रम - प्रगति के लिए वचनबद्ध
The Public Sector - A Commitment to Progress

सूचना

NOTICE

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड की 42 वीं वार्षिक सामान्य बैठक गुरूवार, **23 अगस्त, 2012 को 2.00 बजे** कपास भवन, प्लॉट नं 3ए, सेक्टर 10, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400 614 में निम्नलिखित काम-काज करने के लिए आयोजित की जायेगी :

(1) दिनांक 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा प्राप्त और स्वीकार करना ।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते भारतीय कपास निगम लिमिटेड

हस्ता/-
(मनोज बजाज)
कंपनी सचिव एवं महा प्रबंधक (वित्त)

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 1 अगस्त 2012

नोट्स:
बैठक में उपस्थित रहने तथा मतदान के अधिकारी सदस्य अपने प्रतिनिधि के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को उपस्थित रहने और अपने स्थान पर मतदान करने का अधिकार प्रदान कर सकते हैं तथा ऐसे प्रतिनिधि का सदस्य होना आवश्यक नहीं हैं।

NOTICE is hereby given that the 42nd Annual General Meeting of the Cotton Corporation of India Limited will be held on **Thursday the 23rd August, 2012 at 2.00p.m.** at Kapas Bhavan, Plot No. 3A, Sector 10, CBD-Belapur, Navi Mumbai 400 614 to transact the following business:

(1) To receive, consider and adopt the Audited Balance Sheet as at 31st March 2012, Statement of Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2012 and the Reports of the Board of Directors and the Auditors thereon.

By order of the Board of Directors,
For THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

Sd/-
[MANOJ BAJAJ]
Company Secretary cum Gen. Manager (Fin)

Place: Navi Mumbai
Date : 1st August 2012

NOTES:
Member entitled to attend and vote is entitled to appoint another person as his proxy to attend and vote instead of himself and proxy need not be a member.

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

निगम की 42 वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अभिभाषण

सज्जनो,

भारतीय कपास निगम लिमिटेड की इस 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर मैं, अपनी ओर से और निगम के निदेशक मंडल की ओर से आप सबका सहर्ष स्वागत करता हूँ । इस बैठक की सूचना की नोटिस, निदेशक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे पहले ही परिचालित किये जा चुके हैं । आपकी अनुमति से, मैं उसे पठित मानता हूँ ।

कपास मौसम 2011-12 कपास क्षेत्र और उत्पादन के साथ-साथ देशी मांग और अंतर्राष्ट्रीय मांग की दृष्टि से अभूतपूर्व वर्ष रहा है, जिसने कई चुनौतियाँ और अवसर खड़े किये । आपका निगम अपनी विवेकशील नीतियों और निष्ठावान एवं अनुभवी कर्मचारियों के कारण चुनौतियों का सामना करने और संगठन के लिए उल्लेखनीय स्थान बनाने तथा इसे और दृढ़ बनाने में सफल रहा है ।

कपास परिदृश्य

विश्वीय

- पिछले कपास मौसम में, अन्य स्पर्धात्मक फसलों की तुलना में, कपास मूल्यों में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रोत्साहित होकर वर्ष 2011-12 में विश्व कपास क्षेत्र 8% की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 35.93 मिलियन हेक्टर्स तक पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 33.35 मिलियन हेक्टर्स था ।
- कपास उत्पादन करने वाले अधिकांश देशों ने कपास के रोपण में विस्तार के साथ, कपास मौसम 2011-12 में विश्व कपास उत्पादन 8% की वृद्धि के साथ 27.16 मिलियन टन्स तक पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 25.10 मिलियन टन्स था । उत्पादन में वृद्धि चीन, यू.एस.ए. तथा भारत द्वारा की गई है ।
- सीमित उपलब्ध आपूर्ति तथा ऊँचे मूल्यों के कारण, वर्ष 2011-12 में विश्व मिल उपभोग लगभग 7% गिरकर 22.74 मिलियन टन्स पर पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 24.49 मिलियन टन्स था ।

SPEECH OF CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR AT THE 42ND ANNUAL GENERAL MEETING OF THE CORPORATION

Gentlemen,

It gives me a great pleasure to welcome you all on behalf of the Board of Directors of the Corporation as also on my own behalf to this 42nd Annual General Meeting of the Cotton Corporation of India Ltd. The Notice convening the meeting, the Director's Report and the Annual Audited Accounts for the year ended 31st March 2012 have already been circulated and with your permission, I shall take them as read.

The cotton season 2011-12 had been a unique year in terms of cotton acreage, production as also demand domestically and internationally thereby posing challenges and opportunities. Your Corporation, with its prudent policies, dedicated and experienced cadre of employees had been able to meet these challenges creating value for the organization and gaining further strength.

Cotton Scenario

Global:

- Driven by a significant rise in cotton prices as compared to other competing crops in previous cotton season, the world cotton acreage in 2011-12 had increased significantly by 8% to 35.93 million hectares as against 33.35 million hectares in the previous year.
- With expansion in cotton plantings in most producing countries, world cotton production in cotton season 2011-12 has increased by 8% to 27.16 million tons as against 25.10 million tons in previous year. The increase in production was driven by China, USA and India.
- The world mill use in 2011-12 has declined by around 7% to 22.74 million tons as against 24.49 million tons of previous year.

- चीन द्वारा संचय के पुनः निर्माण के कारण, वर्ष 2011-12 में विश्व कपास व्यापार लगभग 20% बढ़कर 9.23 मिलियन टन्स पर पहुँच गया जबकि पिछले वर्ष यह 7.67 मिलियन टन्स था ।
- वर्ष 2011-12 में विश्व अंतिम स्टॉक लगभग 48% की वृद्धि के साथ 13.79 मिलियन टन्स तक पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष 9.30 मिलियन टन्स था ।

देशी

कपास का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता

- गत वर्ष कपास के लिए अच्छे मूल्यों की प्राप्ति होने के कारण तथा बुआई के समय कृषि जलवायु अनुकूल रहने के कारण, कपास मौसम 2011-12 में कपास उत्पादक अन्य प्रतिस्पर्धात्मक फसलों की तुलना में कपास के अधीन क्षेत्र में वृद्धि के लिए प्रोत्साहित हुए । इसके फलस्वरूप कपास मौसम 2011-12 में कपास क्षेत्र 9% की वृद्धि के साथ 121.91 लाख हेक्टर्स के रिकार्ड स्तर पर पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 111.42 लाख हेक्टर्स था ।
- देश में बीटी कपास के अंतर्गत क्षेत्र में वर्ष प्रति वर्ष लगातार वृद्धि हो रही है । कपास मौसम 2011-12 में कपास के लगभग 122 लाख हेक्टर्स के कुल क्षेत्र की तुलना में 111.23 लाख हेक्टर्स क्षेत्र बीटी कपास के अधीन रहा है जो समग्र क्षेत्रफल का लगभग 91% है, जबकि पिछले वर्ष यह 88% था ।
- कपास मौसम 2011-12 के दौरान, कृषि जलवायु अनुकूल रहने, वृद्धित क्षेत्रफल और बीटी कपास के आगमन के कारण देश में लगातार सातवें वर्ष एक बार फिर कपास की अत्याधिक उपज पैदा हुई, जो लगभग 5.90 मिलियन मैट्रिक टन्स (170 प्रति किग्रा. की 34.70 मिलियन गाँठें के समकक्ष) थी, जबकि वर्ष 2010-11 के दौरान यह 5.76 मिलियन मैट्रिक टन्स (33.90 मिलियन गाँठे) थी ।
- भारत सरकार द्वारा कपास प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत किये गये विभिन्न उपायों से गुणवत्तावाले प्रमाणित बीजों की और ट्रुथफुल लेबल बीजों की बेहतर उपलब्धता ने बीटी बीजों के उपयोग में वृद्धि की है और उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा संशोधित कृषि उपायों को अपनाने के कारण किसानों की मनःस्थिति में बदलाव लाया है, जिसके कारण देश में कपास का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है । तथापि, शीतकालीन वर्षा और ओस की कमी के साथ बढ़े हुए तापमान के कारण मध्य और दक्षिण राज्यों में मोईस्चर स्ट्रेस बन गया,

- Due to rebuilding of reserve by China, world cotton trade in 2011-12 has increased by around 20% to 9.23 million tons as against 7.67 million tons previous year.
- Global ending stocks as at the end of the year have increased by around 48% to 13.79 million tons in 2011-12 as against 9.30 million tons in the previous year.

Domestic

Acreage, production and productivity of cotton:

- Receipt of good prices in the previous year and favourable agro-climatic conditions at the time of sowing enthused the cotton farmers to increase the acreage under cotton in cotton season 2011-12 by switching over from other competing crops. As a result, cotton acreage in cotton season 2011-12 has increased by 9% to a record level of 121.91 lakh hectares as against 111.42 lakh hectares in the previous year.
- Acreage under Bt cotton in the country continued to increase year after year. In cotton season 2011-12, out of total acreage under cotton of around 122 lakh hectares, 111.23 lakh hectares area was covered under Bt cultivation, constituting around 91% of the total acreage as compared to 88% in the previous year.
- During cotton season 2011-12, with favourable agro-climatic conditions, increased acreage and advent of Bt cultivation, the country once again harvested higher cotton crop for the seventh consecutive year at 5.90 million metric tons (equivalent to 34.70 million bales of 170 kgs each) as against 5.76 million metric tons (33.90 million bales) during 2010-11.
- With various measures by Government of India under Technology Mission on Cotton, better availability of quality certified seeds and truthful label seeds, increased usage of Bt seeds and the changed mindset of cotton farmers towards improved farm practices etc., the productivity of cotton in the country over the years had been continuously increasing. However, absence of winter rains and dews coupled with high temperature in Central and Southern States

जिसने उपज को प्रभावित किया। कपास मौसम 2011-12 में कपास उपज 484 किग्रा. प्रति हेक्टर रही, जबकि पिछले वर्ष यह 517 किग्रा. थी ।

माँग और आपूर्ति स्थिति

- समीक्षाधीन वर्ष के पहले भाग में यानि अप्रैल से सितंबर, 2011 के बीच माल जमा होने के साथ यार्न के लिए देशी और अंतर्राष्ट्रीय दोनों की मांग कच्चे माल के ऊँच मूल्यों के कारण, स्पिनर्स द्वारा ऋण पाने में कठिनाई, कपास यार्न के गिरते मूल्य, केमिकल फाईबर से प्रतियोगिता के कारण दबी रही । इसके फलस्वरूप मांग में गिरावट और तैयार माल के जमा होने से कताई मिलों के क्षमता उपयोग में एक तिहाई गिरावट आ गयी और उसके फलस्वरूप स्पिनर्स के परिचालन लाभ मार्जिन में गिरावट आयी ।

  तथापि, गिरावट के दबाव को रोकने और कपास और कपास यार्न के मूल्यों को सुधारने के लिए भारत सरकार ने कपास और कपास यार्न के निर्यात पर 1 अप्रैल, 2011 तथा 1 अक्तूबर, 2010 से भूतलक्षी प्रभाव से डीईपीबी लाभ को पुर्नबहाल कर दिया तथा कपास निर्यात से कैप हटा दिया । फिर भी स्पिनर्स का लाभ दबाव में बना रहा, जिसने कपास की देशी और अंतर्राष्ट्रीय समग्र मांग को प्रभावित किया है और मिलों ने लीन अवधि की आवश्यकता के स्थान पर तत्काल आवश्यकता की खरीद करने की नीति अपनायी ।

  इसके परिणामस्वरूप कपास मौसम 2011-12 में देशी कपास उपभोग 6% की गिरावट के साथ 4.28 मिलियन मैट्रिक टन्स (25.20 मिलियन गाँठें) तक पहुँच गया जबकि वर्ष 2010-11 में यह 4.55 मिलियन मैट्रिक टन्स (26.74 मिलियन गाँठें) था।

वर्ष के दौरान मुख्य गतिविधियाँ और नीति निर्माण :

- कपास मौसम 2011-12 के लिए भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 74(आरई-2010)/2009-14 दिनांक 12 सितंबर, 2011 के अनुसार कपास निर्यात को ओजीएल के अंतर्गत कर दिया है, जो डीजीएफटी के साथ संविदा के पूर्व पंजीकरण के साथ होगा ।

मूल्य प्रवृत्ति

- कपास, यार्न और वस्त्रोद्योग उत्पाद की घटी हुई मांग की पृष्ठभूमि में कपास मौसम 2011-12 में कपास के

resulted into moisture stress, which had affected the yield. The yield per hectare in 2011-12 had been 484 kgs/hectare as against 517 kgs/ha in previous year.

Demand & Supply situation

- In the first half of the year under review i.e. April to September 2011, with piling up of inventory, the demand for yarn both domestically and internationally had been subdued faced with high priced raw materials, difficulties to access credit by the spinners, declining prices of cotton yarn and competition from chemical fibres. Subsequently, with slow down in demand and large finished goods inventory, capacity utilization by spinning mills dropped down to one-third of optimal utilization, thereby further declining the operating profit margin of spinners.

  However, with a view to arrest downward pressure and help stabilize the prices of cotton and cotton yarn, the Government of India reinstated DEPB benefits on export of cotton yarn and cotton with retrospective effect from 1st April 2011 & 1st October 2010 respectively and removed of cap on cotton exports. Still the operating profitability of the spinners remained under pressure which had affected the overall demand for cotton domestically & internationally and the mills preferred to purchase cotton to meet immediate requirements rather than building lean season requirement.

  As a result, the domestic cotton consumption in cotton season 2011-12 has declined by 6% to 4.28 million metric tons (25.20 million bales) as against 4.55 million metric tons (26.74 million bales) in 2010-11.

Major Developments and Policy Initiatives during the year

- For cotton season 2011-12, the Government of India vide Notification No.74(RE-2010)/2009-14 dated 12th September 2011 had placed cotton exports under OGL with prior registration of contracts with DGFT.

Price Trend

- In the backdrop of sluggish demand for cotton, yarn and textile products, the opening cotton prices in the cotton season 2011-12 had been

आरंभिक मूल्य पिछले वर्ष के आरंभिक मूल्यों से थोड़ा ही ऊँचे थे ।

- मिलों और निर्यातकों से बड़ी मांग ने मौसम के आरंभिक भाग में मूल्य वृद्धि को और भड़का दिया ।
- तथापि जनवरी, 2012 में चढ़ाई की यह प्रवृत्ति मूल्यों में गिरावट के साथ पलट गयी । यद्यपि यह दौर अल्पावधि का था और कपास मूल्य आगामी महीनों में घटे हुए स्तर पर बने रहे क्योंकि देशी मिलों और निर्यातकों से मांग बहुत ही कम थी । मिलें कच्चे माल को जमा करने के लिए उत्सुक नहीं थी ।

अंतर्राष्ट्रीय मूल्य प्रवृत्ति

- विश्वीय आर्थिक स्थिति में अनिश्चितता की वृद्धि और यूरो झोन की बढ़ती कठिनाईयों ने इसे और बढ़ा दिया तथा कपास के साथ-साथ अधिकांश पण्यों के मूल्यों में गिरावट तेजी़ से आयी ।
- कॉटलुक ए सूचकांक, जो अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों का मापक है, कपास मौसम 2011-12 के लिए 1 अगस्त, 2011 को 1133.80 यू.एस.सेंटस प्रति एलबी था, जो पिछले वर्ष के आरंभिक मूल्यों से 32% ऊपर था ।
- तथापि अक्तूबर, 2011 के पहले सप्ताह में कॉटलुक मूल्यों में गिरावट की प्रवृत्ति थी और मध्य दिसंबर, 2011 तक कॉटलुक सूचकांक लगभग 19% गिरकर 92.10 यू.एस. सेंटस प्रति एलबी हो गया ।
- मांग में बहुत अधिक कमी हो जाने के कारण तथा ऋण प्राप्ति में कठिनाई आने के कारण, अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्यों में गिरावट आरंभ हो गयी ।
- कपास मौसम 2011-12 के लिए कॉटलुक ए सूचकांक पिछले वर्ष के 164 यू.एस.सेंटस प्रति एलबी औसत के विरूद्ध लगभग 100 यू.एस.सेंटस प्रति एलबी रहा।

निगम का कार्य-निष्पादन

न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य

- जब कभी प्रचलित कपास मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य को छूते हैं, आपका निगम भारत सरकार के निदेशों के अनुसार, भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) द्वारा उन्हें ऑफर की गई संपूर्ण कपास मात्रा खरीद करने के लिए बाजार में प्रवेश करता है।

  कपास मौसम 2011-12 के लिए भारत सरकार ने पिछले

marginally higher than the opening prices of previous year.

- Strong demand both from mills as well as exporters fuelled the price rise during the early part of the season.
- However, the upward trend was reversed with prices bouncing back in January 2012. This spurt was, however, short-lived and the cotton prices sought lower level in the subsequent months as demand from both domestic mills as well as exporters was on wane. Mills were not keen on building up of raw material inventory.

International Price Trend

- With increasing uncertainty of the global economic health and the Euro zone woes continuing to enlarge and expand, most commodities prices fell sharply with cotton being no exception.
- The Cotlook A index opening price, a measure for international prices, for cotton season 2011-12 on 1st August 2011 was 113.80 US C/lb which was higher by 32% over the opening price of previous year.
- However, since first week of October 2011, there was declining trend in the Cotlook prices and by mid-December 2011, the Cotlook Index dropped down by around 19% to 92.10 US Cents per lb.
- Due to significant slowing in demand and also due to problems of credit access, the international cotton prices have started declining.
- The Cotlook A Index for cotton season 2011-12 had averaged at around 100 US Cents per lb as against average of 164 US C/lb in previous year.

Performance of the Corporation

MSP Operations

- As and when the prevailing kapas prices touch the MSP level, your Corporation, as per the directives from the Government of India, enters the market to buy entire quantity of kapas offered to it by the cotton growers at Minimum Support Prices (MSPs) announced by the Government of India.

  For cotton season 2011-12, Government of India

वर्ष की तुलना में मूलभूत स्टेपल ग्रुप में लगभग 10 से 12 % की वृद्धि की ।

कपास मौसम 2011-12 में कपास के विद्यमान मूल्य लगभग सभी कपास उत्पादक राज्यों में सभी किस्मों में न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर से ऊपर बने रहे । केवल मार्च, 2012 में 20-22 दिन की उपज अवधि को छोड़कर, जब आंध्र प्रदेश के सुदूरवर्ती केंद्रों में वर्तमान कपास मूल्य, न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर पर बने रहे । इसके परिणामस्वरूप निगम ने सौंपी गयी भूमिका के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य किया और इस परिचालन के अधीन लगभग 7600 गाँठों की खरीद की ।

वाणिज्यिक कार्य-कलाप

- न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य न होने की स्थिति में, आपका निगम वाणिज्यिक कार्य-कलाप सम्पूर्णतः स्वयं की जोखिम पर प्रारम्भ करता है ताकि किसानों को उनकी उपज का प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य प्राप्त हो सके तथा अपनी नियमित खरीददार मिलों की यानि संस्थागत और निजी क्षेत्र दोनों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ निर्यात की पूर्ति की जा सके।

  कपास मौसम 2011-12 में न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य की असंभावना को देखते हुए, निगम ने वाणिज्यिक कार्य प्रारम्भ किया, ताकि अपने नियमित मिल खरीददारों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके । निगम द्वारा वाणिज्यिक कार्य के अंतर्गत लगभग 16.36 लाख क्विंटल कपास की खरीद की गयी, जो 3.40 लाख गाठों के समकक्ष है ।

देशी बिक्री

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके निगम ने स्टॉक परिसमाप्त करने के लिए व्यावहारिक नीति का अनुपालन किया, जिससे कपास का स्टॉक परिसमाप्त करने में सहायता मिली है । निगम गत वित्तीय वर्ष की 12.67 लाख गाठों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2011-12 में 8.02 लाख गाठें बेचने में सफल रहा है ।

बिक्री टर्न-ओवर

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निगम का टर्न-ओवर गत वर्ष के 2749.02 करोड़ रूपये के टर्न-ओवर की तुलना में 1797.29 करोड़ रूपये रहा। टर्न-ओवर में यह घटौती पिछले वर्ष 13.18 लाख गॉठें की खरीद की तुलना में 2 लाख

had increased the MSPs by around 10 to 12% in basic staple groups as compared to previous year.

The prevailing kapas prices in cotton season 2011-12 had ruled above the MSP level in almost all the cotton growing states in all the varieties, barring a short span of 20-22 days in the month of March 2012, when at remote centres in Andhra Pradesh, the prevailing kapas prices had ruled at MSP level, As a result, as per the role assigned, the Corporation had taken up MSP operations and had purchased around 7600 bales under MSP operations.

Commercial Operations

- In the absence of MSP operations, the Corporation undertakes commercial operations entirely at its own risk to enable the cotton farmers to realize competitive prices for their produce as also to meet the requirement of its regular buyer mills, both under institutional and in private sector as also for exports.

  Looking to the impossibility of MSP operations in cotton season 2011-12, the Corporation had started commercial operations to cater the needs of its regular mill buyers. The Corporation had purchased around 16.36 lakh quintals of kapas equivalent to 3.40 lakh bales under commercial operations.

Domestic Sales

- During the year under review, your Corporation continued to pursue the pragmatic approach to liquidate the stocks, which has helped in liquidating the cotton stocks. The Corporation has succeeded in selling 8.02 lakh bales in FY 2011-12 as against 12.67 lakh bales in the previous FY.

Sales Turnover

- During the year under review, the turnover of the Corporation had been Rs.1797.29 crores as against the turnover of Rs.2749.02 crores in the previous year. The reduction in turnover was due to less purchase of 2.00 lakh bales as

गॉठों की कम खरीद के कारण थी । फिर भी, निगम ने उपभोक्ता मिलों को गुणवत्तावाली कपास की सीधी आपूर्ति और ग्राहकों को बिक्री पूर्व और बिक्री के बाद अच्छी सेवा उपलब्ध कराते हुए, व्यावहारिक बिक्री नीति का अनुपालन जारी रखा।

वर्धित मूल्य

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निर्यातोन्मुख ईकाइयों तथा गुणवत्ता के प्रति जागरूक अन्य मिलों से संदूषण-मुक्त कपास की मांग को पूरा करने के लिए आपके निगम ने कुल खरीद का लगभग 80% गॉठें न्यूनतम संदूषण-मुक्त संसाधित की । मिलों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही और निगम, आधुनिक जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्टरियों में संसाधित कपास को प्रीमियम के साथ बेचने में सफल रहा।

विकासशील गतिविधियाँ

- कपास किसानों के बीच सघनित कपास खेती यानि संविदा खेती को प्रोत्साहित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए तथा कपास किसानों और खरीददार मिलों/ग्राहकों को लाभ पहुँचाने के लिए आपके निगम ने कपास मौसम 2010-11 में सुविधाकर्ता के रूप में सघनित कपास खेती (संविदा खेती) का प्रोत्साहन आरंभ किया। कपास मौसम 2011-12 में निगम ने एक नोडल एजेन्सी के रूप में प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-II के अधीन उत्पादन प्रौद्योगिकी के अंतर्गत 2800 एफएलडी तथा कपास आयपीएम में 1 एफएलडी का संचालन किया है ।

वित्तीय परिणाम

- वित्तीय वर्ष 2011-12 में निगम को 179.89 करोड़ रूपये (कर के बाद) की मार्जिनल शुद्ध हानि हुई, जबकि वित्तीय वर्ष 2010-11 में निगम को 0.96 करोड़ रूपये (कर के बाद) की शुद्ध हानि हुई थी। यह हानि इस कारण से थी कि कपास मौसम 2010-11 में कपास क्षेत्र ने अभूतपूर्व मूल्य अस्थिरता देखी है। मौसम का पहला भाग (अक्तूबर 2010 से मार्च, 2011 तक) सभी प्रकार से उत्साहजनक था, जबकि दूसरे भाग में (अप्रैल, 2011 से सितंबर, 2011 तक) मांग में कमी आ गयी जिससे देशी और अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्यों में अभूतपूर्व गिरावट आयी । कई मिल खरीददार संविदा पूरी नहीं कर सके, जिससे ऐसे चूककर्ता मिल खरीददारों को विधिक नोटिस जारी करना पड़ा । ऐसे चूककर्ता मिल खरीददारों की न उठायी

compared to 13.18 lakh bales in previous year. However, the Corporation continued to pursue the policy of pragmatic sales, directly to consuming mills by supplying quality cotton and by providing better pre and post sales services to the customers.

Value Addition

- In order to meet the demand for contamination free cotton from EOUs and other quality conscious mills during the year under review, your Corporation had processed around 80% of the total procurement with least contamination. The response of the mills was positive and the Corporation was able to sell cotton processed in the modern G&P factories with premium.

Developmental Activities

- With a view to promote and popularize the concept of Integrated Cotton Cultivation i.e. Contract Farming amongst the farming community as also the benefits to cotton farmers and buyer mills/ultimate consumers, your Corporation took up Integrated Cotton Cultivation as a facilitator in cotton season 2010-11. As one of the Nodal agencies, in cotton season 2011-12, the Corporation had undertaken 2800 FLDs under production technology and 1 FLDs in IPM under MM-II of TMC.

Financial Results

- During the financial year 2011-12, the Corporation has incurred a marginal net loss of Rs.179.89 crores (after tax) as against Rs.0.96 crores (after tax) in the financial year 2010-11. The reason for loss has been due to the fact that cotton sector has seen unprecedented price volatility in the Cotton Season 2010-11. The first half (October 2010 to March 2011) of the season was all along encouraging, whereas, in the second half (April 2011 to September 2011), there was demand restriction, resulting in unprecedented downfall in the domestic and international cotton prices. Many of the mill buyers failed to perform the contracts, for which legal notices have been issued to such defaulting mill buyers. The unlifted bales of such defaulting mill buyers have been resold at their own risk and cost and arbitration cases are being initiated against them for

गयी गाँठों को उनके जोखिम और लागत पर पुनः बेचा गया तथा पुनः बिक्री पर हानि का दावा करने के लिए उनके विरूद्ध मध्यस्थता मामले भी दायर किये जा रहे हैं। तथापि, इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाऊंटेन्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी, निगम ने लेखा मानक एएस -9 के प्रावधानों के अनुरूप "राजस्व मान्यता" को स्थगित किया, जो लक्ष्य संग्रह की उल्लेखनीय अनिश्चितता के कारण था और पुनः बिक्री में हुई हानि के लिए चूककर्ता खरीददारों के विरूद्ध किये गये दावों से संबंधित था । आगे बिक्री दरों में अभूतपूर्व गिरावट होने के कारण बिक्री प्राप्ति, निगम के पास रखे हुए स्टॉक के लिए उसकी लागत और मूल्य के अनुरूप नहीं हो पायी, जिसके फलस्वरूप 31.3.2012 को समाप्त वित्तीय वर्ष में हानि हुई ।

निगमित सामाजिक दायित्व

- भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय और सामाजिक उद्यम (डीपीई) ने विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का संकल्प आरंभ किया है, जिसके द्वारा उनके शुद्ध लाभ में से कुछ भाग को लाभकारी गतिविधियों तक पहुँचाने और सार्वजनिक एवं व्यापारिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अनिवार्य किया गया है, ताकि प्रतिस्पर्धी लाभ लंबे समय तक बना रह सके । तद्नुसार आपके निगम ने सीएसआर के अधीन ग्राम अधिग्रहण कार्यक्रम परियोजना "एक ग्राम एक किस्म" का संकल्प तीन राज्यों में आरंभ करते हुए कार्यान्वित किया है, यानि महाराष्ट्र के दो गाँव (विदर्भ क्षेत्र), उड़ीसा में एक और तमिलनाडु में दो गाँव, जहाँ पहले के वर्षों में कपास की उत्पादकता कम है तथा जो संशोधित और नयी उत्पादन एवं पैकेज प्रथाओं से वंचित है । निगम ने वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए सीएसआर परियोजना हेतु 40.00 लाख रूपये निश्चित किए हैं । वित्तीय वर्ष 2010-11 में सीएसआर पर कुल 38.84 लाख रूपये खर्च हुए ।

निगमित शासन

- आपका निगम विश्वास करता है कि कंपनी को सफल बनाने के लिए, अपने सभी स्टेक होल्डर के लिए निगमित आचरण में विश्वीय मानदण्ड बनाए रखने हैं । आपकी कंपनी अच्छे शासन के लिए निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व के पहलुओं पर विश्वास रखती है। कंपनी का अंतिम ध्येय उच्च स्तर का शासन जारी

claiming loss on resale. However, in conformity with the provision of Accounting Standard AS-9 “Revenue recognition” issued by the Institute of Chartered Accountants of India and on prudent considerations, the Corporation defers revenue recognition, owing to significant uncertainty about its ultimate collection, in respect of claims lodged on the defaulting buyers for losses arising out of resale of quantities initially sold to them. Further, due to unprecedented downfall in sale rates, sales realization could not match the cost and the value of closing stock lying with the Corporation has reduced, resulting in loss during the financial year ended 31.03.2012.

Corporate Social Responsibility

- The Government of India, Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises (DPE), has introduced the concept of Corporate Social Responsibility (CSR) in various Central Public Sector Enterprises (CPSE) mandating to expend some portion of the net profit to extend beyond philanthropic activities to reach out the integration of social and business goals to secure sustainable competitive advantage in long term. Accordingly, your Corporation has implemented the project of “Village Adoption Programme” with “One village: One Variety” in three States i.e. two villages of Maharashtra (Vidharbha region), One Village in Orissa and Two villages in Tamil Nadu having lesser productivity in the earlier years and are deprived of improved and innovative cultivation and package practices. Your Corporation had earmarked Rs.40.00 lakhs for CSR projects for the FY 2011-12. The actual expenditure on FY 2010-11 is amounted to Rs.38.84 lakhs.

Corporate Governance

- Your Corporation believes that for a company to be successful, it must maintain global standards of corporate conduct towards all its stakeholders. Your Company believes that the principles of fairness, transparency and accountability are the corner stones for good governance. It is the Company’s endeavour to continue to achieve the highest levels of governance and to benchmark

रखना तथा उसी क्षेत्र की अच्छी शासित कंपनियों के साथ बेंचमार्क बनाना है।

भावी परिदृश्य

- भारत विगत वर्षों के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कपास क्षेत्र में दूसरे बड़े कपास उत्पादक, उपभोक्ता तथा कपास के शुद्ध निर्यातक के रूप में भी मुख्य संचालक के रूप में उभरा है। कपास मौसम 2011-12 में देश में कपास का क्षेत्रफल लगभग 122.00 लाख हेक्टर के रिकार्ड स्तर तक पहुँच गया । तथापि आगामी कपास मौसम 2012-13 में कपास के क्षेत्रफल में लगभग 6% गिरावट आने की आशा है, जो पिछले मौसम की तुलना में कम मूल्यों की प्राप्ति के कारण अन्य प्रतियोगी उपजों में बदलने से होगा तथा देर से होनेवाली वर्षा के कारण होगा । वर्षा ऋतु के देर से होने और अपर्याप्त होने के कारण, विशेषतः उत्तरी क्षेत्रों में गुजरात में, देश में कपास उत्पादन कपास मौसम 2012-13 के दौरान लगभग 10% की गिरावट के साथ 310-315 लाख गॉठों की सीमा में होने की आशा है ।
- विश्व स्तर पर बीज रोपण के समय, मौसम आदि में औसत कपास मूल्यों के ऊँचा होने के कारण, कपास मौसम 2012-13 में कपास के अधीन क्षेत्र लगभग 7% की गिरावट के साथ 33.41 मिलियन हेक्टर होने की आशा है, जबकि 2011-12 में 35.93 मिलियन हेक्टर था । उपज में लगभग 2% की मामूली गिरावट के अनुमान के साथ वर्ष 2012-13 में विश्वीय कपास उत्पादन 24.86 मिलियन मे.टन आकलित किया गया है जबकि 2011-12 में यह 27.16 मिलियन मे.टन था (लगभग 8% की गिरावट)
- चीन द्वारा राष्ट्रीय संचय में कपास का बड़ा भंडार रोकने की संभावना के कारण आगामी कपास मौसम 2012-13 में, विश्वीय कपास व्यापार 18% की गिरावट के साथ 7.56 मिलियन टन्स होने की आशा है, जबकि पिछले वर्ष यह 9.23 मिलियन टन्स था।

भावी योजना

- यद्यपि बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा अन्य कारकों के प्रवेश के फलस्वरूप देश की कपास अर्थ-व्यवस्था में प्रतिस्पर्धा बढ़ गयी है, तथापि, निगम विवेकशील व्यापार नीतियों के कारण आगामी वर्षों में इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार है ।

itself with the best governed companies in the similar trade.

Future Outlook

- Over the years, India has emerged as a key player in the cotton sector at international level, as the second largest cotton producer, consumer as also a net exporter of cotton. In cotton season 2011-12, the cotton acreage in the country had reached a record level of around 122.00 lakh hectares. However, in the ensuing cotton season 2012-13, the acreage under cotton is likely to be reduced by around 6% due to switching over to other competing crops owing to receipt of less prices as compared to previous season as also due to delayed monsoon rains. Looking to the delayed and inadequate monsoon rains, especially in Northern States and Gujarat, the cotton production in the country in the ensuing cotton season 2012-13 is expected decline by around 10% i.e. in the range of 310 - 315 lakh bales.
- At world level, higher than average cotton prices at the planting time, weather etc., the world acreage under cotton in the ensuing cotton season 2012-13 is estimated to decline by around 7% to 33.41 million hectares as against 35.93 million hectares in 2011-12. Assuming small decrease in yield by around 2%, global cotton production in 2012-13 is projected at 24.86 million MT as against 27.16 million MT (decline by around 8%) in 2011-12.
- Since China is likely to hold large stocks of cotton inside and outside of its national reserve, world cotton trade in ensuing cotton season 2012-13 is expected to decline by 18% to 7.56 million tons as against 9.23 million tons in previous year.

Future Planning

- Although the competition in the cotton economy of the country has increased due to entry of multinational companies and other factors, the Corporation is fully prepared to face such competition in the coming years by adopting prudent business policies.

आभार

- मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों द्वारा समय-समय पर दिए गए उपयोगी एवं बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार प्रकट करना चाहता हूँ ।
- मैं माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, माननीय राज्य वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, सचिव (वस्त्र), संयुक्त सचिव (वस्त्र) तथा वस्त्र मंत्रालय के अन्य अधिकारियों, वित्त मंत्रालय के अधिकारियों, कृषि मंत्रालय और वस्त्र आयुक्त एवं उनके अधिकारियों के प्रति भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए भी आभारी हूँ । इसके अभाव में, आपका निगम समीक्षागत वर्ष के दौरान, पहले से निर्धारित प्रवृत्तियों और कार्य-निष्पादन को बनाये रखने में सफल नहीं हो सकता था ।
- समीक्षागत वर्ष के लिए निगम के लेखों की परीक्षा करते समय निगम के सांविधिक लेखा परीक्षक, सदस्य, लेखा-परीक्षा बोर्ड, मुंबई द्वारा तथा सरकारी लेखा परीक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए अमूल्य मार्गदर्शन के लिए भी, मैं उनका आभारी हूँ ।
- मैं, राष्ट्रीय वस्त्र निगम, सहकारी स्पिनिंग मिलों तथा निजी क्षेत्र की विभिन्न मिलों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने वर्ष 2010-2011 के दौरान अपनी रूई की आवश्यकता निगम से पूरी की और इस प्रकार गुणवत्ता, मूल्य-प्रतिस्पर्धा और निगम द्वारा दी जानेवाली सेवाओं पर विश्वास बनाये रखा है। भारतीय वस्त्र उद्योग संगठन (सीआयटीअय), कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, केन्द्रीय भंडार निगम, राज्य भंडार निगम द्वारा निगम को दिए गए सहयोग के प्रति भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ ।
- इस अवधि के दौरान निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिये गये समर्पण, निष्ठा और वचनबद्धता पूर्ण सेवा के लिए भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ।

सधन्यवाद,

(बी.के.मिश्र)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 23 अगस्त, 2012

Acknowledgements

- I take this opportunity to express my deep appreciation for the useful and valuable support given by the members of the Board from time to time.
- I also wish to place on record my sincere gratitude for the guidance and cooperation extended by the Hon'ble Minister of Textiles, Government of India, Hon'ble State Minister of Textiles, Government of India, Secretary (Textiles), Joint Secretary (Textiles) and other officials of Ministry of Textiles, Officials of Ministry of Finance, Ministry of Agriculture, the Textile Commissioner and his officials, but for which to maintain trends that were set earlier in the recent past with regard to the working of the Corporation, would not have been possible.
- I am also grateful for the valuable guidance by the Statutory Auditors, Member, Audit Board, Mumbai and officials of Government Audit in the course of their conducting the audit of accounts of the Corporation for the year under review.
- Sincere thanks are also due to the National Textile Corporation, Cooperative Spinning Mills and various mills in the private sector, who have covered their cotton requirements from the Corporation in cotton season 2011-12, thus, placing their faith in the quality, price competitiveness and services being rendered by the Corporation. Our sincere thanks are also due to the Confederation of Indian Textile Industries (CITI), Cotton Association of India (CAI), Central Warehousing Corporation, State Warehousing Corporations for the cooperation extended to the Corporation.
- I would also like to express my sincere and deep appreciation for the dedication, devotion and commitment with which the staff and officers of the Corporation have worked during the period.

Thanking you,

(B.K. MISHRA)
CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR

Place: Navi Mumbai
Date : 23rd August 2012

वर्ष 2011-12 के लिए निदेशक रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT FOR THE YEAR 2011-12

प्रिय शेयरधारक,

आपके निदेशकगण **31 मार्च, 2012** को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों के साथ आपके निगम के कार्य-संचालन पर **42 वीं वार्षिक रिपोर्ट** सहर्ष प्रस्तुत करते हैं, जो मंडल द्वारा अनुमोदित है तथा लेखा परीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट के साथ प्रमाणित है ।

1. कपास स्थिति

1.1 कपास मौसम 2011-12 (अक्तूबर, 11 से सितंबर,12) की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दिये अनुसार हैं :

(i) कपास मौसम (अक्तूबर,11 से सितंबर,12) का आरंभ 39.10 लाख गाँठों के अवशेष स्टॉक के साथ हुआ, जो मिल की 2 माह की खपत से भी कम है।

(ii) कपास सलाहकार मंडल (सीएबी) के अनुमान के अनुसार कपास मौसम 2011-12 के दौरान देश में कपास उत्पादन गत वर्ष की 339.00 लाख गॉठों की तुलना में 347.00 लाख गॉठों के रिकार्ड स्तर तक पहुँच गया है । इस वर्ष की कपास स्थिति के मुख्य लक्षण नीचे दिये अनुसार हैं:-

(क) सभी कपास उत्पादक राज्यों में नहर/ट्यूब वेल पानी उपलब्ध न होने के कारण तथा उत्तरी राज्यों में गेहूँ की देरी से कटाई होने के कारण और मध्यवर्ती राज्यों में वर्षा देरी से होने के कारण कपास की बुआई में लगभग 15-20 दिन का विलंब हुआ है । सभी कपास उत्पादक राज्यों में समग्र कृषि जलवायु स्थितियाँ अनुकूल थीं, तथापि पंजाब और हरियाणा में अत्याधिक वर्षा ने उपज को प्रभावित किया है और उच्च तापमान, शीत वर्षा और ओस की अनुपस्थिति के कारण मध्य और दक्षिण राज्यों में, विशेषतः उपज में नमी का दबाव रहा है।

(ख) गत वर्ष कपास मौसम 2010-11 में अच्छे मूल्यों की प्राप्ति ने कपास किसानों को कपास मौसम 2011-12 में अन्य प्रतियोगी उपजों से बदलते हुए कपास के अंतर्गत

Dear Shareholders,

Your Directors have immense pleasure in presenting the 42nd Annual Report on the working of your Corporation together with Annual Accounts for the year ended 31st March 2012, as approved by the Board of Directors and certified by the Auditors alongwith their report thereon.

1. COTTON SITUATION

1.1 The highlights of the cotton season 2011-12 (Oct-11 to Sept-12) are as under:

(i) The cotton season (Oct-11 to Sept-12) was commenced with a carry over stock of 39.10 lakh bales, which was even less than two month's mill consumption.

(ii) As per Cotton Advisory Board (CAB) estimates, the cotton production in the country in cotton season 2011- 12 has reached a record level at 347.00 lakh bales as against 339.00 lakh bales in previous season. The salient feature of this year's cotton scenario is as follows:

(a) Cotton sowings in all the cotton growing States was delayed by around 15-20 days due to absence of adequate canal/tube-well water availability and late harvesting of wheat in Northern States as also due to delayed monsoon rains in Central. States. Overall agro-climatic conditions at the time of sowing were favourable in all the cotton growing States. However, subsequent, extra rains had affected the crop in Punjab & Haryana and due high temperature, absence of winter rains and dews, the crop faced moisture stress, particularly in Central and Southern States.

(b) Receipt of good prices by the cotton farmers in previous 2010-11 cotton season enthused the cotton farmers to increase the acreage under cotton in cotton season 2011-12 by

क्षेत्र में वृद्धि के लिए प्रोत्साहित किया है । वर्ष 2011-12 में कपास के अंतर्गत क्षेत्र में लगभग 9% की वृद्धि हुई है और वह पिछले वर्ष 111.42 लाख हेक्टर के विरूद्ध लगभग 122 लाख हेक्टर के रिकार्ड स्तर तक पहुँच गया है ।

(ग) कपास मौसम 2011-12 में उत्तरी अंचल में क्षेत्रफल में लगभग 25% की वृद्धि चावल, जौ, जवार, दालों आदि से बदलने के कारण हुई है और दो फसल गत वर्ष के 13.57 लाख हेक्टर के विरूद्ध 16.95 लाख हेक्टर हो गया है । क्षेत्र में यह वृद्धि राजस्थान में लगभग 58% (गत वर्ष के 3.35 लाख हेक्टर के विरूद्ध 5.30 लाख हेक्टर) और हरियाणा में लगभग 23% (गत वर्ष के 4.92 लाख हेक्टर के विरूद्ध 6.05 लाख हेक्टर) उल्लेखनीय है । पंजाब में क्षेत्रफल की वृद्धि गत वर्ष के 5.30 लाख हेक्टर के विरूद्ध 5.60 लाख हेक्टर तक बढ़कर 6% की वृद्धि दर्शाती है ।

(घ) गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों के मध्य अंचल में कपास के अधीन क्षेत्रफल में वृद्धि मूंगफली, सोयाबीन, जवार आदि से बदलने के कारण हुई है, जो लगभग 8% हुई है । जो गत वर्ष में कपास क्षेत्रफल 72.15 लाख हेक्टर की तुलना में 78.24 लाख हेक्टर तक हो गया है । मध्य अंचल में क्षेत्रफल की वृद्धि गुजरात में लगभग 15% (26.33 लाख हेकटर के विरूद्ध 30.23 लाख हेकटर) और मध्य प्रदेश में लगभग 9% (गत वर्ष के 6.50 लाख हेक्टर के विरूद्ध 7.06 लाख हेक्टर) की वृद्धि उल्लेखनीय है ।

(ड) दक्षिण अंचल में भी समय पर वर्षा से गत वर्ष के 24.51 लाख हेक्टर के विरूद्ध क्षेत्रफल 3% बढ़कर 25.24 लाख हेक्टर पहुँच गया । क्षेत्रफल की यह वृद्धि आंध्र प्रदेश में गत वर्ष के 17.84 लाख हेक्टर के विरूद्ध लगभग 4% बढ़कर 18.54 लाख हेक्टर हो गयी ।

switching over from other competing crops. The acreage under cotton in 2011-12 has increased by around 9% and reached a record level of around 122 lakh hectares as against 111.42 lakh hectares in previous year.

(c) The increase in acreage in cotton season 2011-12 in Northern zone of around 25% has been due to switching over from paddy, maize, jawar, pulses etc. at 16.95 lakh hectares as against 13.57 lakh hectares in previous year. Increase in acreage is significant in Rajasthan by around 58% (5.30 lakh hectares as against 3.35 lakh hectares in previous year) and in Haryana by around 23% (6.05 lakh hectares as against 4.92 lakh hectares in previous year). The acreage increase in Punjab has been 6% to 5.60 lakh hectares as against 5.30 lakh hectares in previous year.

(d) The increase acreage under cotton in Central zone in the States of Gujarat, Maharashtra and Madhya Pradesh has been due to switching over from groundnut, soyabean, Jawar etc., by around 8% at 78.24 lakh hectares as against 72.15 lakh hectares in previous year. The acreage increase in Central zone has been significant in Gujarat by around 15% (30.23 lakh hectares as against 26.33 lakh hectares) and in Madhya Pradesh by around 9% (7.06 lakh hectares as against 6.50 lakh hectares in previous year).

(e) In Southern zone, with timely monsoon rains, the acreage increase has been 3% to 25.24 lakh hectares as against 24.51 lakh hectares in previous year. The acreage increase has been significant in Andhra Pradesh by around 4% to 18.54 lakh hectares vis-à-vis 17.84 lakh hectares in previous year.

(च) देश में बी.टी.कपास के अधीन क्षेत्रफल वर्ष प्रति वर्ष लगातार बढ़ रहा है । कपास मौसम 2011-12 में बी.टी.बीज के अधीन क्षेत्रफल कुल क्षेत्रफल लगभग 122 लाख हेक्टर का 91% है जो गत वर्ष के 111.23 लाख हेक्टर में से 88% रहा है ।

(छ) देश में उत्कृष्ट लंबे और अतिरिक्त लंबे तंतु की कपास में 9 से 10 लाख गॉठों के समग्र उपभोग के विरूद्ध इस स्टेपल ग्रुप में देशी कपास उत्पादन लगभग 5 लाख गॉठों पर रूका हुआ है, जो मुख्यतः आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में इस स्टेपल ग्रुप में घटे हुए क्षेत्रफल के कारण है । इसके कारण वस्त्रोद्योग मिलों ने इस श्रेणी की कपास का यू.एस.पीमा, ईजिप्शियन गिजा आदि से 6 लाख गॉठों की सीमा तक कपास का आयात किया है ।

ज) कपास के अंतर्गत बढ़े हुए क्षेत्रफल और बी.टी. बीजों के बढ़े हुए उपयोग के कारण उत्तरी राज्यों में कपास उत्पादन गत वर्ष की 45.60 लाख गॉठों की तुलना में 56.60 लाख गॉठों तक पहुँचकर लगभग 24% की उल्लेखनीय वृद्धि दिखाता है। राजस्थान में उत्पादन की वृद्धि 69% (गत वर्ष की 10.10 लाख गॉठों की तुलना में 17.10 लाख गॉठें) और हरियाणा में लगभग 18% की वृद्धि (गत वर्ष की 17.00 लाख गॉठों की तुलना में 20.00 लाख गॉठें) हुई है ।

शीत ऋतु की वर्षा और ओस न होने के कारण तथा इसके साथ ही बढ़े हुए उच्च तापमान ने मंध्य अंचल में, विशेषकर महाराष्ट्र में कपास उत्पादन को प्रभावित किया है । इसके फलस्वरूप महाराष्ट्र में कपास उत्पादन गत वर्ष की 87.75 लाख गाँठों की तुलना में 73.75 लाख गॉठें होकर लगभग 16% की गिरावट बताता है। तथापि जबकि गुजरात में कपास उत्पादन

(f) Acreage under BT cotton in the country increasing continuously year after year. In cotton season 2011-12, acreage under Bt cultivation has been 91% of the total acreage of around 122 lakh hectares as against 88% out of 111.23 lakh hectares last year.

(g) In superior long and extra long staple cottons, as against the overall consumption of around 9 to 10 lakh bales in the country, the domestic cotton production in this staple group remained stagnant at around 5 lakh bales, mainly due to reduced acreage in this staple group in Andhra Pradesh and Karnataka. This has led to imports of cotton in this category by the textile mills mainly for US Pima, Egyptian Giza etc. to the extent of 6 lakh bales.

(h) With increased acreage under cotton and increased usage of Bt seeds, the cotton production in the Northern States has increased significantly by around 24% to 56.60 lakh bales as against 45.60 lakh bales in previous year. The production increase is around 69% in Rajasthan (i.e. 17.10 lakh bales as against 10.10 lakh bales in previous year) and in Haryana by around 18% in Haryana (20.00 lakh bales as against 17.00 lakh bales in previous year).

Absence of winter rains and dews coupled with high temperature had affected the cotton production in Central zone, particularly in Maharashtra. As a result, cotton production in Maharashtra has declined by around 16% to 73.75 lakh bales as against 87.75 lakh bales in previous year. However, while the cotton production in Gujarat is expected to increase by

लगभग 13% बढ़ते हुए गत वर्ष की 106.20 लाख गॉठों के विरूद्ध 120 लाख गॉठें हो गया है, मध्य प्रदेश में कपास उत्पादन का अनुमान गत वर्ष के समकक्ष है यानि 17.70 लाख गाँठें है।

दक्षिण अंचल में दूसरी बार वर्षा न होने के कारण, उच्च तापमान उसके फलस्वरूप नमी ने आंध्र प्रदेश में उपज को प्रभावित किया है, जिसके कारण आंध्र प्रदेश में कपास उत्पादन गत वर्ष की 59.50 लाख गाँठों की तुलना में 54.50 लाख गाँठें बताया गया है । तथापि कर्नाटक में बुआई तथा उगाई के समय कृषि जलवायु स्थितियाँ अनुकूल होने के कारण कपास उत्पादन गत वर्ष की 11.10 लाख गाँठों की तुलना में लगभग 9% बढ़कर 13.25 लाख गाँठें हो गया है ।

(i) कपास मौसम 2011-12 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्य देशी कपास मूल्यों से ऊँचे रहे हैं । रूपये के लगभग 19% कमज़ोर होने के साथ-साथ यू.एस. डॉलर के मज़बूत होने और चीनी सरकार के बड़ा संचय निर्माण करने के निर्णय के कारण देश से कपास निर्यात गत वर्ष की 78 लाख गाँठों की तुलना में 115 लाख गाँठों के रिकार्ड स्तर तक पहुँच गया है । रिकार्ड कपास निर्यात के पृष्ठपटल में देशी वस्त्रोद्योग मिलों को कपास की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने दि. 5.3.2012 से देश से कपास निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया है । इसके बाद ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अपनी दि.9.4.2012 को हुई बैठक में लंबित संविदाओं की पूर्ति के लिए कपास निर्यात को अनुमति दी है । तथापि वर्तमान में अधिसूचना सं.113(आरई-2010)/2009-14 दि.4.5.2012 द्वारा कपास निर्यात ओजीएल के अधीन है ।

around by around 13% to 120 lakh bales as against 106.20 lakh bales in previous year, cotton production in Madhya Pradesh is estimated to be at par with previous year level i.e. 17.70 lakh bales.

In Southern zone, absence of second spell, high temperature, resultant moisture had affected the yield in Andhra Pradesh due to which the cotton production in Andhra Pradesh has been placed at 54.50 lakh bales vis-à-vis 59.50 lakh bales in previous year. However in Karnataka, with favourable agro-climatic conditions during the sowing as also during growth period, the cotton production has increased by around 9% to 13.25 lakh bales as against 11.10 lakh bales in previous year.

(i) The international cotton prices in cotton season 2011-12 had been higher than the domestic cotton prices. With the weakening of Rupee by around 19% vis-à-vis US Dollar and the decision of Chinese Government to build up huge reserve, the cotton exports from the country had reached a record level of 115 lakh bales as against 78 lakh bales in previous year. In the backdrop of record cotton exports, with a view to ensure availability of cotton to the domestic textile mills, the Government of India had banned cotton exports from the country on 5-3-2012. Subsequently, the Group of Ministers (GoM) in their meeting held on 9-4-2012 has allowed cotton exports for fulfillment of pending contracts. However, at present vide notification No.113 (RE-2010)/2009-14 dated 4-5-2012, cotton exports are under OGL.

1.2 कपास मौसम 2011-12 के लिए भारत सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 10% से 12% तक बढ़ाया है । मध्यम स्टैपल ग्रुप के लिए 2500/-रू. प्रति क्विंटल से 2800/-रू. प्रति क्विंटल तक और लंबे स्टैपल ग्रुप के लिए 3000/-रू. प्रति क्विंटल के विरूद्ध 3300/-रू. प्रति क्विंटल (एमएसपी) तक बढ़ाया गया है ।

1.3 चीन द्वारा संचय के पुनःनिर्माण के निर्णय से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कपास की अच्छी मांग थी । इसके फलस्वरूप मौसम के आरंभ से सभी कपास उत्पादक राज्यों में वर्तमान कपास मूल्य (सीड कॉटन) न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर से ऊपर बने रहे । सीड कॉटन मूल्य पिछले मौसम की तुलना में खाद्य तेल के महंगे आयात और तिलहन के कमी के कारण ऊँचे बने रहे हैं । अभूतपूर्व आर्थिक परिवर्तन यानि, रूपये के मूल्यह्रास के साथ सीड के ऊँचे मूल्य ने सीड कॉटन (कपास) के मूल्य को मजबूती दी है जो मार्च, 2012 में 15-20 दिन की अल्प अवधि को छोड़कर सभी कपास उत्पादक राज्यों में एमसीपी से ऊँचे बने रहे, जब आंध्र प्रदेश के सुदूरवर्ती केंद्रों में कपास के प्रचलित मूल्य निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की प्रतिक्रिया में न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर पर बने रहे ।

1.4 समीक्षाधीन वर्ष के पहले भाग में यानि अप्रैल से सितंबर, 2011 में मालसूची जमा होने के साथ यार्न की मांग देशी और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर घटी रही जिसके साथ ही कच्चे माल के ऊँचे मूल्यों, कताई कर्ताओं द्वारा ऋण पाने में कठिनाई, कॉटन यार्न के गिरते मूल्य और केमिकल फाईबर से प्रतिस्पर्धा ने भी प्रभाव डाला । इसके परिणामस्वरूप मांग में कमी के साथ और तैयार माल के जमा होने, कताई मिलों की उपयोग क्षमता उनकी उपयोग क्षमता के एक तिहाई पर गिर गयी जिसके द्वारा कताई कर्ताओं के लाभ मार्जिन में आगे और गिरावट आयी । तथापि गिरावट की प्रवृत्ति को रोकने और कपास एवं कपास यार्न के मूल्यों को स्थिर करने में सहायता देने के लिए भारत सरकार ने 1 अप्रैल, 2011 और 1 अक्तूबर, 2010 से पूर्वव्यापी प्रभाव से कपास यार्न और कपास पर डीईपीबी लाभ को पुनः बहाल किया तथा कपास निर्यात से कैप हटा दिया है। फिर भी, कताई कर्ताओं

1.2 For cotton season 2011-12, the Government of India has increased the Minimum Support Prices (MSPs) by 10% to 12%. In medium staple group, the MSP has been increased to Rs.2800/- per quintal from Rs.2500/- per quintal and in the case of long staple group, the same has been increased to Rs.3300/- per quintal as against Rs.3000/- per quintal.

